an>

Title: Need to provide adequate irrigation facilities and seeds to farmers in Eastern Uttar Pradesh particulary in Sant Kabir nagar Parliamentary Constituency in the State.

श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर) ः मेरे संसदीय क्षेत्र संत कबीर नगर (उत्तर प्रदेश) से लेकर पूरा पूर्वी उत्तर प्रदेश भयंकर सूखे की चपेट में है जिसके चलते खरीफ की फसल तो बर्बाद हुई अब रबी की फसल की बुवाई भी वर्षा न होने के कारण परेशानी का सबब बन रही है।

एक तो किसान सूखे की चपेट में है, दूसरी तरफ उन्नत बीजों के संकट का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में अगर तत्काल कदम नहीं उठाए गए और किसानों को राहत नहीं पहुंचायी गयी तो भविष्य में भारी खाद्यान्न संकट से इंकार नहीं किया जा सकता।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि इस ओर सरकार तत्काल ध्यान दें और सिंचाई की व्यवस्था करने के लिए विशेष कदम उठाए।